नौसढ़ से 14 मिनट में मासूम को पहुंचाया मेडिकल कॉलेज

ग्रीन कॉरिडोर

- एम्बुलेंस चालक, पुलिस और आईटीएमएस के संयुक्त प्रयास से सफलता
- बस्ती जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर हुआ था दो माह का मासूम

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस और आईटीएमएस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्बुलेंस को 14 मिनट में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया इससे दो महीने के एक मासूम की जान बचाई जा सकी। इस मासूम के लिए नौसढ़ से ही मेडिकल कॉलेज तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। बस्ती जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया था।

एम्बुलेंस कोऑर्डिनेटर प्रवीण पांडेय ने इसका अनुरोध किया था। एंबुलेंस नंबर यूपी 32 पीजी 4317 को बीआरडी मेडिकल कॉलेज तक ग्रीन कारिडोर के तहत पहुंचाने की गुजारिश की थी। बताया कि दो माह का नवजात की सांस रुक रही थी नवजात शिशु के माता-पिता बस्ती जनपद के मूल निवासी हैं। जिला सदर चिकित्सालय बस्ती के चिकित्सक ने जांच कर शिशु की तबीयत बहुत ही नाजुक बताया गया तथा बच्चे को तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर लेकर जाने के लिए कहा था। मासूम को लेकर जिला अस्पताल बस्ती से एम्बुलेंस बीआरडी मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुई। चालक जैसे ही गोरखपुर में नौसढ़ के पास पहुंचा उसने जिला एम्बुलेंस कोऑर्डिनेटर प्रवीण पांडेय को ग्रीन कॉरिडोर के लिए अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर ने वायरलेस सिस्टम के माध्यम से सभी को एंबुलेंस के संबंध में जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

आईटीएमएस नगर निगम गोरखपुर को भी सजग कराते हुए नौसढ़ से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के चौराहे पर नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारी को पीए सिस्टम के माध्यम से एंबुलेंस के प्रत्येक लोकेशन को बार-बार जानकारी दी गई तथा लेफ्ट लेन की सहायता से एंबुलेंस अपने निर्धारित गति से आगे को बढ़ती रही। संयुक्त प्रयास से एम्बुलेंस को मात्र 14 मिनट में बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जिससे नवजात बच्चे की जान बच सकी। नवजात शिशु के माता-पिता यातायात पुलिस की प्रशंसा की।